EMAIL

मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
किसान भवन, 26, अरेरा हिल्स, भोपाल

क्रमांक/बोर्ड/नियमन/ईअनुज्ञा/321/1875 भोपाल, दिनांक 17/10/2022

प्रति,

श्री मुशर्रफ सुल्तान,
तकनीकी निदेशक
राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र
भोपाल।

विषय : ई-अनुज्ञा पोर्टल पर अधिसूचित कृषि उपज के ग्रेड की प्रविष्टि अंतर्गत Non-FAQ ग्रेड की प्रविष्टि करने बावत।

संदर्भ : कार्यालयीन पत्र क्रमांक/बोर्ड/नियमन/परिपत्र/1278, भोपाल, दिनांक 13/05/2022।

संदर्भित पत्र से कृषि उपज मंडी समिति के क्षेत्र अंतर्गत संपन्न अधिसूचित कृषि उपज के विक्रय संव्यवहार में, ई-अनुज्ञा पोर्टल पर अधिसूचित कृषि उपज के ग्रेड 1, 2, 3 एवं FAQ की प्रविष्टि के लिए पोर्टल पर आवश्यक प्रावधान किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था।

2. इसी क्रम में Non-FAQ गुणवत्ता की अधिसूचित कृषि उपज की आवक भी रिकॉर्ड करने के उद्देश्य से ई-अनुज्ञा पोर्टल पर Non-FAQ ग्रेड की प्रविष्टि करने का भी निर्णय लिया गया है।

3. अतः ई-अनुज्ञा पोर्टल पर अधिसूचित कृषि उपज की ग्रेडिंग अंतर्गत Non-FAQ ग्रेड की प्रविष्टि किये जाने का शीघ्र प्रावधान करना सुनिश्चित किया जाये।

4. जब तक व्यापारियो के द्वारा ई-अनुज्ञा पोर्टल पर उक्त प्रविष्टि करने की व्यवस्था पूर्ण रूप से प्रभावशाल नही हो जाती है तब तक मंडी सचिव द्वारा ई-अनुज्ञा पोर्टल पर व्यापारी/मंडी द्वारा दर्ज भुगतान पत्रक के सत्यापन के समय समस्त विक्रय संव्यवहारो मे कृषि उपज की ग्रेडिंग की प्रविष्टि करना अनिवार्य होगा।

(प्रबंध संचालक सह आयुक्त द्वारा अनुमोदित)

17/10/22

संयुक्त संचालक (नियमन)
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक/बोर्ड/नियमन/ईअनुज्ञा/321/1876 भोपाल, दिनांक 17/10/2022

प्रतिलिपि : सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. अपर संचालक (आई. टी. सेल) मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड, मुख्यालय। उक्तानुसार पोर्टल पर आवश्यक प्रावधान कराने की कार्यवाही शीघ्र संपन्न करावें।

2. संयुक्त संचालक, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड, आंचलिक कार्यालय - _____(समस्त)।

3. भारसाधक अधिकारी/सचिव, कृषि उपज मंडी समिति - _____(समस्त)।

17/10/22

संयुक्त संचालक (नियमन)
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल